an>

Title: Need to provide subsidy to farmers of Madhya Pradesh affected due to drought.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) :** उपाध्यक्ष महोदय, भारतीय खाद्य निगम की दस वर्षीय गारंटीड वेयरहाऊसिंग स्कीम की ओर मैं सदन और सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। वर्ष 2011-12 में इसके लिए टेंडर हुआ था, कुछ लोगों ने वेयरहाऊस बना लिए हैं लेकिन राज्य और एफसीआई की ज्वाइंट बेंचर कई बार अनुबंध करने में विलंब लगाती हैं और दूसरे लोगों को एक साल के अंदर जो सब्सिडी मिलनी चाहिए दो-तीन साल में भी नहीं मिलती है। भारत सरकार की कृषि मंत्रालय की एमडीआई और नाबार्ड अधिकारियों की टीम सर्वे करने के लिए जाती है उनके विलंब के कारण बहुत नुकसान होता है। अगर किसी किसान का 5 करोड़ का लोन हैं, अगर उसे दो साल सब्सिडी नहीं मिलेगी तो उससे ज्यादा ब्याज हो जाएगा। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि आप 50 लाख की सब्सिडी को तत्काल उपलब्ध कराइए क्योंकि मध्य प्रदेश सूखे से गुजर रहा है और किसान संकट में है।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Shri Keshav Prasad Maurya are permitted to associate with the issue raised by Shri Prahlad Singh Patel.

Hon. Members those who have given letters about their subjects will only be called to raise matters in the House.